## आंगनबाड़ी कर्मी 12 फरवरी को करेगी केंद्र बंद हड़ताल

**मंदसौर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन सीटू की जिला महासचिव संगीता जैन एवं अध्यक्ष सोनू यादव ने बताया कि सीटू सहित 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और योजना कर्मियों के फेडरेशन राज्य एवं केंद्र कर्मचारियों के संघ और महासंघों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मंदसौर जिले में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हड़ताल पर रहेगी। इस बाबत् आयोजित बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर हड़ताल को समर्थन दिया।



नेताद्वय ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानून खत्म करके चार लेबर कोड लागू कर योजना कर्मियों के अधिकारों पर भी कुठाराघात किया गया है उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को सरकारी कर्मचारी दर्जा, न्यूनतम वेतन 30000 रू. सहित सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन ग्रेच्युटी बोनस मांगो सहित चार श्रम संहिताओं और नियमों को निरस्त किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के ट्रेड यूनियन अधिकारों को मान्यता दी जाए।आईसीडीएस को संस्थागत बनाया जाए जिसने सफलतापूर्वक पचास वर्ष पूरे किए हैं, उचित बुनियादी ढांचे, अच्छी गुणवत्ता वाले भोजन उचित पूर्व-स्कूल शिक्षा के साथ प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के अधिकार के लिए कानून बनाया जाए।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को ग्रेड 3 और 4 सरकारी कर्मचारियों के रूप में नियमित किया जाए।45वीं और 46वीं भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू किया जाए। योजना श्रमिकों के लिए एक वेतन आयोग गठित किया जाए।

नियमितीकरण लंबित रहने तक, न्यूनतम वेतन 30,000 और पेंशन 10,000 रू. प्रतिमाह दी जाए। पूरे देश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं के लिए समान सेवा शर्ते लागू हों। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं के लिए ग्रेच्युटी पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को तत्काल पूरे देश में लागू किया जाए।

आईसीडीएस का किसी भी रूप में निजीकरण न हो। ई-केवाईसी या एफआरएस के नाम पर हकदारो (लाभार्थियों) को हटाया न जाए। डिजिटलीकरण / एफआरएस के नाम पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का उत्पीड़न न किया जाए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं से गैर-आईसीडीएस अतिरिक्त कार्य न लिए जाएं। बीएलओ का एसआईआर ड्यूटी न लगाई जाए। सभी जन-विरोधी विधेयक अधिनियम वापस लिए जाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, वीवी ग्राम जी अधिनियम 2025; शांति अधिनियम 2025 विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025; सबकी सुरक्षा सबका बीमा विधेयक 2025; बीज विधेयक शिक्षा प्रतिष्ठान विधेयक 2025। एफआरएस प्रमाणीकरण की अनिवार्यता को तत्काल रद्द करो।

आंगनबाड़ी रिर्पोटिंग प्रणाली के डिजिटलीकरण से पूर्व सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कम्प्यूटर / लैपटॉप / टैब उपलब्ध करायें, तब तक 5जी कनेक्टीविटी वाले उच्च गुणवत्ता के मोबाईल फोन उपलब्ध करायें।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में नि:शुल्क वाईफाई कनेक्शन उपलब्ध कराया जाय। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार आधार सत्यापन अथवा चेहरे की पहचान की परवाह किए बिना सभी लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराया जाय।पोषण ट्रेकर एप से संबंधित मुद्दों (डेटा में हेराफेरी सहित) पर चर्चा हेतु सभी आंगनबाड़ी फैडरेशनों के साथ त्रिपक्षीय बैठक तत्काल आयोजित करें। मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेगी हड़ताल के दौरान केंद्र बंद रहेंगे। दोनों नेताओं ने जिले की समस्त आंगनबाड़ी शहरी और ग्रामीण से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में हड़ताल में शामिल हो सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहने 12 फरवरी को 12 बजे महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर एकत्र होंगे।

### एक नजर में

## 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे नगरपालिका के सफाई कामगार

**मंदसौर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 12 फरवरी 2026 को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सफाई कामगार संयुक्त मोर्चा मंदसौर ने आधिकारिक तौर पर शामिल होने का निर्णय लिया है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना है।वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ (भारत) के बैनर तले सफाई कामगार संयुक्त मोर्चा की प्रदेश महासचिव हेमा कंडारे ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मंदसौर को इस संबंध में एक पत्र प्रेषित किया है पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों सहित राज्य व केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संयुक्त आह्वान पर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेड यूनियनों द्वारा की जा रही मांगों का समर्थन में 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मी काम पर नहीं आएंगे।हेमा कंडारे ने बताया कि इस हड़ताल के संबंध में पूर्व में ही सीटू यूनियन द्वारा 23 जनवरी 2026 को सूचना दी जा चुकी थी। उसी क्रम में अब स्थानीय सफाई कामगारों ने भी एकजुट होकर राष्ट्रभक्ति हड़ताल में शामिल होने का संकल्प लिया है।

## इंटरनेशनल वर्ल्ड योगा चैंपियनशिप में जीते तीन गोल्ड मेडल



**मंदसौर।** बंगलौर में आयोजित तीन दिवसीय वर्ल्ड योग चैंपियनशिप में पत्रकार धर्मेन्द्र सिंह रानेरा ने तीन गोल्ड मेडल प्राप्त कर चैंपियनों का चैंपियन बने। 6,7 और 8 फरवरी को पहली वर्ल्ड योगा चैंपियनशिप एवं योगा फेस्टिवल 2026 का आयोजन श्री शारदा इंटरनेशनल स्कूल अतिबेले बंगलौर में किया गया। चैंपियनशिप में भारत, श्रीलंका, स्विट्जरलैंड, वियतनाम सहित दस देशों ने भाग लिया। मध्यप्रदेश से धर्मेन्द्र सिंह रानेरा, कृष्णपाल सिंह, अमितेश सिंह, अथर्व सिंह, अदित्रीसिंह, आविष्का सिंह ने अपने द्वअपने समूह में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किए।मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले से धर्मेन्द्र सिंह रानेरा ने स्पोर्ट्स योगा, आर्टिस्टिक एवं रिदमिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड मेडल जीते। शानदार प्रदर्शन के कारण धर्मेन्द्र सिंह रानेरा को चैंपियनों का चैंपियन में सीधे प्रवेश मिला और वहां भी अपने ग्रुप वेटरन ए में चैंपियनों का चैंपियन बने।

## गरोठ शामगढ भानपुरा रहवासी संघ का मिलन समारोह



**नाहरगढ।** मंदसौर जिले के अन्य जिले मे रहने वाले रहवासी का आपस मे चर्चा का आयोजन हुआ। जिसमे गरोठ, शामगढ ,भानपुरा क्षेत्र के इन्दौर में रहने वाले निवासियों का पालिया रोड गरोठ जैविक फार्म पर मिलन समारोह आयोजित किया गया ।इसी अवसर पर गरोठ, शामगढ, भानपुरा क्षेत्रवासी रहवासी संघ का गठन किया गया। इस रहवासी संघ के पदाधिकारी संरक्षक विमल चौधरी व ओमप्रकाश फरक्या, अध्यक्ष मदन अग्रवाल, उपाध्यक्ष विमल जैन व डा. ज्ञानेश पाटीदार, सचिव विमल छाजेड, सह सचिव आल्विन सर को मनोनीत किया गया।इस अवसर पर क्षेत्र के सभी रहवासियो की एक टेलिफोन डायरेक्टरी निकालने का निर्णय लिया गया। सभी का आभार समाजसेवी ओमप्रकाश फरक्या इन्दौर ने माना व जानकारी दी।

## महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को न हो परेशानी, आवश्यक व्यवस्थाए की जाए

- कलेक्टर से शिवालयों के पहुंच मार्ग और विद्युत व्यवस्था सुधारने की मांग

**मन्दसौर।** सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र पाण्डेय ने कलेक्टर अदिती गर्ग से आगामी महाशिवरात्रि पर्व के जिले के समस्त शिवालयों में पूर्व आवश्यक तैयारियां व व्यवस्थाएं करने का आग्रह किया है।

महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में जिले के समस्त शिवालयों पर महाशिवरात्रि के पूर्व मंदिरों के पहुंच मार्गो को ठीक करवाया जावे तथा मार्ग में विद्युत व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मुख्य रूप से महत्वपूर्ण स्थान व दूर दराज के शिवालयों में भक्तों की सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंध हो।

इन मंदिरों में श्रद्धालु जन महाशिवरात्रि के दिन नवरात्रि में पूजा अर्चना करने भजन करने के लिए पहुंचते हैं वहां पर समुचित व्यवस्था करवाने की कृपा करें। साथ ही भक्तों के लिये पेयजल का व्यवस्था भी हो।

सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मालुजनों से भी आग्रह किया है कि महाशिवरात्रि पर्व पर अनुशासन बनाते हुए दर्शन करें। प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करे तथा बुजुर्गों, बच्चों एवं माताओं-बहनों को पहले दर्शन करने देवे।

### जिले के मुख्य शिव मंदिर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर

मंदसौर के शहर स्थित श्री जागेश्वर महादेव, सहित नगर के 30 मुख्य शिवालय व श्री धर्मराजेश्वर अति प्राचीन गुफा मंदिर चंदवासा शामगढ़, श्री कोटेश्वर महादेव सीतामऊ शिवगढ़, श्री बटकेश्वर महादेव चंबल के तट पर सीतामऊ तहसील चंबल किनारे बसई, श्री मारूखेड़ी महादेव दलौदा तहसील, श्रीसिपावरा महादेव चंबल नदी शिवना नदी के संगम स्थल पर सीतामऊ तहसील, श्री धुंधली पार महादेव रेवास देवड़ा पहाड़ी पर, श्री बड़ा महादेव छोटा महादेव भानपुरा, पहाड़ियों पर श्री ताकेश्वर महादेव नावली भानपुरा, श्री चकाभो महादेव बुढा के पास जंगल में, श्री शिवगढ़ महादेव मल्हारगढ़ के पास, श्री गंगेश्वर महादेव सीतामऊ के पास आदि ऐसे शिवालय जहां पर विशेष रूप से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा विधि-विधान से करने पर भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं. शिवरात्रि के दिन प्रदोष काल में और रात के चार प्रहर में भगवान शिव की पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है.

**एक नजर** | बीजेएस फाउंडेशन प्रोग्राम कैंसर क्रुसेडर्स के तहत कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ सनी जैन के साथ पॉडकास्ट इंटरव्यू एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया

## बीजेएस मंदसौर चैप्टर की आवाज़, कैंसर से मिलकर लड़ेंगे, मिलकर जीतेंगे

**मंदसौर।** भारतीय जैन संघटना (बीजेएस) मंदसौर चैप्टर द्वारा मानवता और सेवा के संकल्प को दोहराते हुए 'फाउंडेशन प्रोग्राम कैंसर क्रुसेडर' के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बीजेएस हेड ऑफिस पुणे के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रकल्प में कैंसर जैसी घातक बीमारी की रोकथाम और जनजागरूकता पर जोर दिया गया।

बीजेएस मंदसौर चैप्टर की अध्यक्षा श्वेता पोरवाल ने बताया कि संस्था द्वारा डॉ. सनी जैन के ऑंकोकेअर कैंसर क्लिनिक पर एक विशेष पॉडकास्ट इंटरव्यू आयोजित किया गया। इस इंटरव्यू का मुख्य उद्देश्य मंदसौर के आम नागरिकों और जैन समाज की महिलाओं को कैंसर के लक्षणों, बीमारी की रोकथाम और इससे जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान देना था। संस्था ने 'साथ आएँ, सेवा से बदलाव लाएँ' के उद्देश्य वाक्य के साथ इस सेवा प्रकल्प को पूर्ण किया।



चिकित्सा के क्षेत्र में मंदसौर की जनता और जैन समाज को निरंतर अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए डॉ. सनी जैन को बीजेएस ग्रुप द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में, जैन पैथोलॉजिस्ट डॉ. सुरेश जैन द्वारा एक सेमिनार भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों से बचाव के उपाय और सावधानी बरतने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह गरिमामयी आयोजन बीजेएस के संस्थापक शांतिलाल मुथ्था, नेशनल प्रेसिडेंट नंदकिशोर सांखला, मैनेजिंग डायरेक्टर कोमल जैन, नेशनल जनरल सेक्रेटरी डॉ. पंकज चोपड़ा, नेशनल हेड (फाउंडेशन प्रोग्राम) राजेश जैन खींवसरा, मध्य प्रदेश हेड साशा जैन एवं सचिव संदीप जटाले के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेंटर रेखा रातडिया, कार्यकारिणी सदस्य आशा श्रीमाल, स्वाति ऋछावरा, ललिता जैन, रीना पोरवाल, सीमा पोरवाल, माधुरी खबिया, सीमा जैन एवं ऑंकोकेअर क्लिनिक का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अध्यक्षा श?वेता पोरवाल एवं स्वाति रिछावरा द्वारा किया गया।

# नीमच


### एक नजर में

## कुकडेश्वर स्थित सर्वे नंबर 1257 की भूमि के आवंटन को निरस्त करने की मांग



**नीमच।** जिले के कुकडेश्वर क्षेत्र की जूना खाकर देव महाराज समिति ने कलेक्टर को शिकायत आवेदन प्रस्तुत कर गांव कुकडेश्वर स्थित सर्वे नंबर 1257 की भूमि के आवंटन को निरस्त करने की मांग उठाई है।शिकायत में कहा गया है कि कलेक्टर न्यायालय के प्रकरण में 29 जुलाई 2019 को पारित आदेश की निर्धारित शर्तों का पालन अब तक नहीं किया गया है।आवेदन के अनुसार संबंधित भूमि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित की गई थी, जबकि यह भूमि खाकर बावजी मंदिर से जुड़ी बताई गई है, जहां नियमित रूप से श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। आदेश में स्पष्ट शर्त थी कि आवंटन के दो वर्ष के भीतर निर्माण कार्य शुरू करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवंटन स्वत: निरस्त माना जाएगा।शिकायतकर्ताओं ने बताया कि निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी मौके पर कोई निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ और भूमि अब भी खाली पड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमि के आवंटन की प्रक्रिया में अनियमितता बरती गई।समिति ने कलेक्टर से मांग की है कि आदेश उल्लंघन को आधार मानते हुए भूमि का आवंटन निरस्त कर उसे मंदिर के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जाए।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरभड़िया में विदाई समारोह



**नीमच।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरभड़िया में विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया । जिसमें कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष देवीलाल सेन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अपने लक्ष्यों की ओर निरनतर आगे बढ़ना चाहिए, शिक्षा को प्राथमिकता दें और अपने परिवार व गॉव का नाम रोशन करें। प्रधानाध्यापक बंशीलाल प्रजापति ने विद्यार्थियों को अपने आगामी जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कक्षा अध्यापक सुश्री दीप्ति परिहार एवं सुश्री प्रिंयका छिपा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## बल्दरखा में आयुष शिविर सम्पन्न- 58 रोगी लाभांवित

**नीमच।** आयुष विभाग द्वारा मंगलवार को बल्दरखा में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग, उदर रोग,विबंध, श्वास,कास,प्रतिशय, रक्त अल्पता, रक्तचाप, अर्श, अम्लपित, प्रमेह आदि बीमारियों की जांच कर नि:शुल्क औषधि वितरित की गई शिविर में बीपी की निशुल्क जांच कर, मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय, तनाव से मुक्ति, दिनचर्या, पोषण से सम्बन्धित जानकारी प्रदान कि आवश्यक परामर्श के साथ औषधियां उपलब्ध कराई गई। शिविर में कुल 58 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया।

## जिला स्तरीय जन सुनवाई शिकायत निवारण एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर में 12 शिकायतों का निराकरण

**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में दिनांक 10.02.2026 को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।



जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. श्री अंकित जायसवाल के समक्ष प्रस्तुत किया। एस.पी. श्री अंकित जायसवाल द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 12 सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान लगभग 26 फरियादियों द्वारा एसपी श्री अंकित जायसवाल के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई जाने पर एसपी श्री अंकित जायसवाल द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायतों के शिघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक श्री जायसवाल द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गयें कि सभी आवेदनों का समय पर एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जावें। जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा एवं उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा सुश्री निकीता सिंह सहित जिलें के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी सहित फरियादी/आवेदक उपस्थित रहें।

## रतनगढ़ पीएचसी की 108 एम्बुलेंस 15 दिन से खराब

- 90 गांवों के मरीज हो रहे परेशान, अधिकारी बोले- जल्द ठीक होकर वापस आएगी

**नीमच।** जिले के रतनगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की 108 एम्बुलेंस पिछले 15 दिनों से खराब है। वाहन की जर्जर हालत के कारण इसे मरम्मत के लिए मैकेनिक के पास भेजा गया है। एम्बुलेंस सेवा ठप होने से क्षेत्र के करीब 90 गांवों के मरीजों को समय पर इलाज मिलने में कठिनाई हो रही है।

लोगों ने बताया कि स्थानीय एम्बुलेंस बंद होने के कारण इमरजेंसी में मरीजों को सिंगोली से वाहन बुलाना पड़ रहा है। सिंगोली से एम्बुलेंस आने में डेढ़ से दो घंटे का समय लग रहा है। समय पर वाहन न मिलने से गरीब और आदिवासी वर्ग के मरीजों को महंगे निजी साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है।



**नई एम्बुलेंस की मांग लंबित-** प्रभारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मोहन मुजाल्दे ने जिला कलेक्टर और सीएमएचओ को नई एम्बुलेंस के लिए आवेदन दिया है, लेकिन अब तक नई गाड़ी उपलब्ध नहीं कराई गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुरानी एम्बुलेंस बार-बार खराब होकर वर्कशॉप पहुंच जाती है, जिससे सेवाएं लगातार बाधित रहती हैं।

**मेडिकल ऑफिसर अंशु देव ने बताया-** वाहन पुराना होने के कारण तकनीकी खराबी आई है। आज शाम तक एम्बुलेंस ठीक होकर वापस आ जाएगी। आपात स्थिति में जननी वाहन का उपयोग किया जा रहा है।

## दो पीड़ित परिवार को आठ लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभगीय अधिकारी राजस्व उपखण्ड मनासा सुश्री किरण आंजना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग 6(4) के तहत पानी में डूबने एवं सर्पदंश से मृत्यु होने पर दो पीडित परिवार को आठ लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। एसडीएम मनासा द्वारा देवरी पड़दा के लाउ पिता इंदरसिह की 26 सितम्बर 2025 को खेत पर कार्य के दौरान पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर मृतक के वारिस इंदरसिह पिता दुर्गा बंजारा को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

इसी तरह जुनामालाहेडा के दिनेश पिता भागीरथ रेगर की 15 अक्टूबर 2025 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर मृतक की वारिस पत्नि ललिताबाई रेगर को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसीलदार मनासा द्वारा आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर, एसडीएम मनासा को स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया गया था।

**एक नजर** | कलेक्टर ने समय-सीमा प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तहत शत-प्रतिशत हितग्राहियों को चिंहित कर लाभांवित करें : कलेक्टर

**नीमच।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रथम एवं द्वितीय प्रसव के शतप्रतिशत हितग्राहियों को चिंहित कर उन्हें लाभांवित किया जाए। कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना के लाभ से वंचित ना रहे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर्स सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



**सभी नगरीय निकाय ए.एच.पी.आवास प्रोजेक्ट प्रस्तुत करें**-कलेक्टर ने जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए, कि वे सभी नगरीय निकायों में ए.एच.पी. आवास निर्माण के प्रोजेक्ट तैयार करवाकर, प्राप्त करें और ए.एच.पी.प्रोजेक्ट पर मार्च अंत तक कार्यवाही पूर्ण करवाए। जिससे, कि शहरी गरीबों को सस्ते आवास की सुविधा उपलब्ध हो सके।

**सभी सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें**-बैठक में सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण एवं विभागवार पगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे सीएम हेल्पलाईन में दर्ज सभी शिकायतों का संतुष्टी के साथ निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होने 100 दिवस से अधिक अवधि की लंबित शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करवाने के निर्देश भी सभी अधिकारियों को दिए है।

### समग्र ईकेवायसी का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करें

बैठक में कलेक्टर ने समग्र ईकेवायसी कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी सीएमओ, जनपद सीईओ को निर्देश दिए,कि वे इस माह अंत तक शेष रही शतप्रतिशत समग्र ईकेवायसी का कार्य पूर्ण करवाकर जिले को सेचुरेटेड करें। कलेक्टर ने जावद जनपद को एक माह में 5 हजार एवं सीईओ नीमच एवं मनासा को ढ़ाई-ढ़ाई हजार शेष ईकेवायसी का कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।